भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2918

जिसका उत्तर 08.08.2024 को दिया जाना है

तेलंगाना में सड़कों का उन्नयन

2918. श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तेलंगाना में दो राजमार्गों के संरेखण और शेष 12 राजमार्गों के उन्नयन के लिए अनुमोदन प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) सरकार किस तरह यह सुनिश्चित करेगी कि एनएच-765 के हैदराबाद-श्रीशैलम खंड पर चार लेन एलिवेटेड कॉरिडोर के लिए स्वीकृत डीपीआर का तेजी से जमीनी स्तर पर निर्माण में तब्दील किया जाए और निर्माण कब तक शुरु होने और पूरा होने की संभावना है;

(ग) हैदराबाद में क्षेत्रीय रिंग रोड परियोजना के लिए डीपीआर को तेजी से आगे बढ़ाने का ब्यौरा क्या है और किसी भी देरी से बचने के लिए इसे कब तक अंतिम रुप दिए जाने की संभावना है; और

(घ) करीमनगर (एनएच-563) से रायपट्टनम (एनएच-63) तक के खंड का उन्नयन कब तक पूरा होने की संभावना है और उक्त खंड पर चल रहे कार्य की स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) राष्ट्रीय राजमार्ग-765 का हैदराबाद-श्रीशैलम खंड और हैदराबाद में क्षेत्रीय रिंग रोड डीपीआर चरण में हैं। डीपीआर के परिणाम के आधार पर, अनुमानित यातायात, तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता, निधियों की उपलब्धता और पारस्परिक प्राथमिकता और भूमि अधिग्रहण सहित निर्माण-पूर्व गतिविधियों के पूरा होने के आधार पर सिविल निर्माण कार्य शुरू किया जाता है।

यह मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और अनुरक्षण के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी है। मंत्रालय को तेलंगाना राज्य सहित विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से राज्य की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के प्रस्ताव मिलते रहते हैं। मंत्रालय समय-समय पर राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के मानदंडों की पूर्ति, संपर्कता (कनेक्टिविटी) की आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर कुछ राज्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने पर विचार करता है।

(घ) करीमनगर से जगतियाल तक का चार लेन खंड बोली प्रक्रिया के चरण पर है। अनुमानित कार्यक्रम के अनुसार, बोली प्रक्रिया पूरी होने में कुल 5 महीने लगेंगे और कार्य शुरू होने से लेकर पूरा होने तक का निर्धारित समय 2.5 वर्ष है। जगतियाल से रायपट्टनम तक का मार्ग डीपीआर चरण पर है। डीपीआर के परिणाम के आधार पर सिविल निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

*****